RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 283 | नागौर, 20 सितम्बर, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय

### अमरिंदर सिंह ने बीजेपी जॉइन की



चंडीगढ़।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार शाम भाजपा जॉइन कर ली। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने भाजपा की सदस्यता स्लिप और पटका पहनाकर कैप्टन को पार्टी में शामिल किया। कैप्टन के साथ उनके आधा दर्जन से ज्यादा पुराने साथी भी भाजपा में शामिल हुए। कैप्टन ने अपनी पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी का विलय भी बीजेपी में कर दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू भी मौजूद रहे।

कैप्टन के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में उनके बेटे युवराज रणइंदर सिंह, बेटी बीबा जयइंदर कौर, पंजाब विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर अजायब सिंह भट्टी, पंजाब महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती बलबीर राणा सोढ़ी, महलकलां की पूर्व एमएलए श्रीमती हरचांद कौर, अमृतसर साउथ के पूर्व एमएलए हरजिंदर सिंह ठेकेदार, मानसा के पूर्व एमएलए प्रेम मित्तल के अलावा अमरीक सिंह आलीवाल व केवल सिंह भी शामिल रहे।

भाजपा में शामिल होने के बाद कैप्टन ने भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पंजाब बॉर्डर स्टेट है और पंजाब से ताल्लुक रखने के नाते वह यहां की दिक्कतें जानते हैं। पाकिस्तान पंजाब को डिस्टर्ब करने की कोशिश करता रहता है। बॉर्डर पार से ड्रोन के जरिये हथियार और ड्रग की सप्लाई करता रहता है। ऐसे में यहां मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। कैप्टन ने कहा कि वह बहुत पहले भाजपा जॉइन करने वाले थे मगर उन्हें अपनी स्पाइन के ऑपरेशन के लिए बाहर जाना पड़ा। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर आग्रह किया था कि वह ऑपरेशन करवाकर लौटने के बाद भाजपा जॉइन करेंगे। पत्रकारों ने जब कैप्टन से पूछा कि अब वह बीजेपी में आ गए हैं और हरियाणा में भी पार्टी की सरकार है तो सतलुज-यमुना लिंक नहर जैसे विवाद पर उनका क्या स्टैंड रहेगा?

इससे पहले सोमवार सुबह कैप्टन ने नई दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद नड्डा के साथ अपनी फोटो कैप्टन ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट की। इस मुलाकात में नड्डा ने कैप्टन को नई राजनीतिक पारी के लिए शुभकामनाएं दी। शाम तकरीबन साढ़े 5 बजे कैप्टन भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां 6 बजे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने उन्हें भाजपा में शामिल कराया।

कैप्टन को भाजपा जॉइन कराने के बाद नरेंद्र तोमर ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राष्ट्र को हमेशा सबसे ऊपर रखा है। भाजपा के लिए भी राष्ट्र सबसे पहले है। इस नाते कैप्टन और भाजपा की सोच एक ही है। भाजपा में कैप्टन को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। किरन रिजीजू ने भी कहा कि कैप्टन को वह बहुत पहले से जानते हैं और देश हमेशा से उनके लिए सबसे ऊपर रहा है। इस मौके पर कांग्रेस में कैप्टन के पुराने साथी रहे सुनील जाखड़ और पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी मौजूद थे। जाखड़ पहले ही भाजपा जॉइन कर चुके हैं।

## विधानसभा में विपक्ष के हंगामे के बाद कार्यवाही एक दिन के लिए स्थगित

### गाय लेकर पहुंचे विधायक

जयपुर।

राजस्थान विधानसभा के सातवें सत्र की बैठक 19 सितंबर को फिर से शुरू हुई. जहां विपक्षी भाजपा के विधायकों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पहले पांच मिनट और बाद में कल यानी मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई.

मुख्य विपक्ष दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्र का सत्रावसान किए बगैर दुबारा बैठक बुलाए जाने पर आपत्ति है. नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने सदन में कहा कि सत्रावसान किए बगैर बैठक बुलाए जाने से विधायकों के प्रश्न पूछने के अधिकारों का हनन हुआ है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधायकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है.

वहीं मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने भी विपक्ष पर पलटवार किया. राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के तीन विधायकों ने गोवंश में फैल रहे चर्म रोग लंपी का मुद्दा उठाया. उन्होंने पोस्टर ले रखे थे. शोर-शराबे व हंगाने के बीच सदन की कार्यवाही को पहले पांच मिनट और फिर कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया. इससे पहले भाजपा के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के कार्यालय में भी धरना दिया.

#### आप राष्ट्रीय आपदा घोषित करो इसको

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने तो लंपी चर्म रोग को लेकर 15 अगस्त को बैठक आयोजित कर विपक्ष के नेताओं को बुलाया, सब से बात की, धर्मगुरुओं से बात की. हमारी प्राथमिकता है कि लंपी रोग से गायों की जान कैसे बचे, लेकिन वैक्सीन भारत सरकार देगी, दवाइयां वो उपलब्ध करवाएगी तो ऐसी स्थिति में हम तो मांग भारत सरकार से कर रहे हैं कि आप राष्ट्रीय आपदा घोषित करो इसको. इस मांग पर विपक्ष के नेता हमारा साथ दें, उसके बजाय ये यहां धरना दे रहे हैं, नाटक कर रहे हैं यहां बैठकर. हमें लंपी रोग की चिंता है, विपक्ष से चाहेंगे वो हमारा सहयोग करे.



**गाय लेकर विधानसभा परिसर के पास पहुंचे भाजपा विधायक**

एक विधायक लंपी रोग की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक गाय लेकर विधानसभा परिसर के पास पहुंचे. हालांकि यह गाय परिसर के भीतर नहीं गई. उल्लेखनीय है कि वधानसभा के सातवें सत्र की बैठक आखिरी बार 28 मार्च को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी.

## जयपुर में दिनदहाड़े डॉक्टर के घर में लूट

### पेंचकस और सरिया लेकर पुरानी नौकरानी के साथ घर में घुसे 2 बदमाश

जयपुर.

जयपुर में दिनदहाड़े डॉक्टर के घर पर लुटेरों ने धावा बोल दिया। हथियारों के बल पर पुरानी नौकरानी के साथ घुसे 2 बदमाशों ने बुजुर्ग डॉक्टर पर हमला किया। वो लहूलुहान हो गए। उन्हें एक कमरे में डाल दिया और अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने-कैश लेकर फरार हो गए। मामला वैशालीनगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर विस्तार का है। पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, मगर लुटेरों का सुराग नहीं लग पाया।

एसीपी (वैशाली नगर) आलोक सैनी ने बताया कि हनुमान नगर विस्तार में रहने वाले डॉ. मोहम्मद इकबाल भारती (65) के घर सोमवार को लूट की वारदात हुई है। वह एसएमएस हॉस्पिटल से रिटायर्ड हैं। उनकी पत्नी नसरीन भारती कावंटिया हॉस्पिटल में डॉक्टर हैं। सोमवार दोपहर डॉ. इकबाल और नौकरानी मीरा घर पर थे। पत्नी नसरीन और बेटी डॉ. आरसिया अपने काम से बाहर गए हुए थे।

#### क्लिनिक के रास्ते घर में घुसे

दो मंजिला मकान में नौकारानी घर का काम कर रही थी। डॉ. भारती नीचे बने अपने क्लिनिक में बैठे थे। दोपहर करीब 2 बजे पुरानी नौकरानी अनु आई। उसके साथ 2 लोग और थे। उनके हाथों में पेंचकस और सरिया था। बदमाशों ने डॉ. इकबाल पर हमला बोल दिया।

#### दोनों को बनाया बंधक

लहूलुहान हालत में बदमाशों ने डॉक्टर भारती को एक कमरे में डाल दिया। नौकरानी को किचन में ले जाकर लॉक कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने घर की तलाशी ली। बदमाश लाखों रुपए के गहने-कैश सहित घर में लगे ष्टष्टञ्ज्ञ्क की ष्ठ्ङ्क्र भी समेटकर ले गए। किसी तरह डॉ. इकबाल ने अपने आप को संभाला और पड़ोसियों को सूचना दी। लुटेरे घर में करीब 20 मिनट रहे थे।

## 5 दिन में जैकलीन से दूसरी बार पूछताछ

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में पिछली बार 100 सवाल पूछे थे

नई दिल्ली।



200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज से सोमवार को पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने उन्हें सुकेश से मिले गिफ्ट और लेनदेन के दस्तावेजों के साथ बुलाया था, लेकिन जैकलीन ईओडब्ल्यू ऑफिस 2 घंटे 30 मिनट की देरी से पहुंचीं।

ईओडब्ल्यू की जॉइंट कमिश्नर छाया शर्मा और स्पेशल कमिश्नर रविंद्र यादव की अगुआई में 6 अफसरों की टीम एक्ट्रेस से सवाल कर रही है। जैकलीन के साथ उनकी ड्रेस डिजाइनर लिपाक्षी को भी तलब किया गया था। दोनों को आमने-सामने बैठाकर सवाल-जवाब होने थे। हालांकि रिपोर्ट्स के मुताबिक लिपाक्षी तबीयत खराब होने के कारण ईओडब्ल्यू ऑफिस नहीं पहुंची। इससे पहले, ईओडब्ल्यू ने 14 सितंबर को जैकलीन से 8 घंटे पूछताछ की थी। इस दौरान करीब 100 सवाल पूछे गए थे।

## राहुल को अध्यक्ष बनाने पर 5 राज्यों में प्रस्ताव पास

### राहुल इनकार कर चुके, लेकिन सवालों पर चुनाव लड़ने से मना भी नहीं किया

नई दिल्ली।

राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ के बाद बिहार और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी को पार्टी की कमान सौंपने के संबंध में प्रस्ताव पास किया है। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए 23 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी, जबकि 17 अक्टूबर को चुनाव प्रस्तावित है। हालांकि पार्टी के भीतर अब तक किसी एक नाम को लेकर सहमति नहीं बनी है।

#### राहुल ने कहा था- चुनाव बाद इस पर बात करूंगा

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 9 सितंबर को तमिलनाडु में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने कहा कि वे चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इस पर बाद में बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा- मैंने इस पर अपना फैसला कर लिया है, मेरे मन में अब कोई भ्रम नहीं है। चुनाव नहीं लड़ा, तो आपको इसकी वजह भी बता दूंगा।

#### 2019 चुनाव में हार के बाद छोड़ा था अध्यक्ष का पद

राहुल गांधी 2017 में कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए गए थे, लेकिन 2019 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल ने पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल ने कहा था कि कांग्रेस में जिम्मेदारी लेनी होगी, इसलिए मैं पद छोड़ रहा हूं और किसी को अध्यक्ष बनाया जाए।

#### कांग्रेस में अध्यक्ष कौन, तीन नाम सबसे आगे

सोनिया गांधी- 2019 में जब राहुल ने कुर्सी छोड़ी तो पार्टी में किसी नाम पर सहमति नहीं बनने के बाद सोनिया को कमान सौंपी गई। पुराने और नए नेताओं के बीच सर्वमान्य होने की वजह से 2024 तक इन्हीं के पास कुर्सी रहने की अटकलें लगाई जा रही है।



राहुल गांधी- कांग्रेस अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे राहुल गांधी का नाम है। हालांकि राहुल कई बार अध्यक्ष बनने से इनकार कर चुके हैं। राहुल पार्टी अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस संगठन में महासचिव और उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

अशोक गहलोत- गांधी परिवार से किसी के अध्यक्ष नहीं बनने की स्थिति में अशोक गहलोत को कांग्रेस की कमान मिल सकती है। गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी के बड़े ओबीसी चेहरा होने के साथ-साथ संगठन का भी काफी अनुभव है।

#### 19 अक्टूबर को मिलेगा कांग्रेस को नया अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। चुनावी शेड्यूल के मुताबिक 22 सितंबर को चुनाव संबंधी नोटिफिकेशन जारी होगा। 24 सितंबर से 30 सितंबर तक नॉमिनेशन किए जा सकेंगे। हालांकि अगर अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार होता है तो ऐसी स्थिति में रिजल्ट की घोषणा 30 सितंबर को ही की जा सकती है।

## प्लेन से उतारे गए पंजाब के सीएम भगवंत मान!

### सुखबीर बादल बोले- पंजाबियों को किया शर्मिंदा

नई दिल्ली।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान फिर से विवादों में पड़ते नजर आ रहे हैं। इस बार उन्हें प्लेन से उतारे जाने का मामला है। दरअसल, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भगवंत मान को लेकर एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में सुखबीर बादल ने लिखा कि सह-यात्रियों के हवाले से मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लुफ्थांसा फ्लाइट से उतारा गया क्योंकि वह बहुत नशे में थे और चलने की हालत में भी नहीं थे। इसके साथ ही सुखबीर बादल ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट पंजाबियों को शर्मिंदा करती हैं। अकाली नेता ने दावा किया कि इससे उड़ान में 4 घंटे की देरी हुई। वह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में नहीं पहुंच सके।



एक अन्य ट्वीट में सुखबीर बादल ने लिखा कि चौंकाने वाली बात यह है कि पंजाब सरकार अपने मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़ी इन खबरों पर चुप है। अरविंद केजरीवाल को इस मुद्दे पर सफाई देने की जरूरत है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत सरकार को कदम उठाना चाहिए क्योंकि इसमें पंजाबी और राष्ट्रीय गौरव शामिल है।

## नामीबिया से लाये गये चीतों को भारत में पहली बार भोजन परोसा गया, उछल-कूद करते दिखे

श्योपुर (मप्र)।

नामीबिया से लाए गए आठ चीतों में से दो भाई फ्रेडी और एल्टन को सोमवार को मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अपने पृथकवास वाले विशेष बाड़े में उछल-कूद एवं मस्ती करते हुए देखा गया। इन सभी चीतों को भारत में पहली बार भोजन रविवार शाम को परोसा गया था, जिसे उन्होंने बड़े चाव से खाया। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों ने बताया कि दो चीता बहनें सावन्नाह और साशा भी मस्ती करती नजर आईं। चार अन्य नामों वाले चीते- ओबान, आशा, सिबिली एवं सैसा भी नये वातावरण का आनंद लेते हुए दिखाई दिए।

एक अधिकारी ने बताया कि अफ्रीकी देश से शनिवार को भारत पहुंचने के बाद पहली बार रविवार शाम पांच मादा और तीन नर चीतों को भोजन परोसा गया। इन चीतों की उम्र 30 से 66 महीने के बीच है। नामीबिया से विशेष विमान से करीब 8,000 किलोमीटर दूर लाए गए इन आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 17 सितंबर की सुबह छोड़ा गया, जिससे यह उद्यान पूरी दुनिया में सुर्खियों में आ गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने वर्ष 1952 में भारत में विलुप्त हुए चीतों की आबादी को फिर से बसाने की परियोजना के तहत इस उद्यान के विशेष बाड़ों में छोड़ा था और उस समय ये सहमे हुए नजर आ रहे थे। हालांकि, बाद में विचरण करने लगे थे। उन्होंने कहा कि रविवार शाम को आठ चीतों में से प्रत्येक को दो किलोग्राम भैंस का मांस परोसा गया।

## वायुसेना से हटेंगे मिग-21 विमान

### अभिनंदन ने इसी पर सवार हो पाक के एफ-16 को किया था धराशायी

नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना अपने बेड़े से मिग-21 लड़ाकू विमानों को हटाने जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि एयरफोर्स 30 सितंबर को अपने मिग-21 फाइटर्स के चार शेष स्क्वाड्रनों में से एक को रिटायर करेगी। श्रीनगर स्थित 51 नंबर की इस स्क्वाड्रन को स्वॉर्ड आर्म्स के रूप में भी जाना जाता है।

विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टन) अभिनंदन वर्थमान ने 27 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा पर डॉगफाइट के दौरान पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। इस बहादुरी के लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था, उस समय वह 51वें स्क्वाड्रन में थे।

#### जब अभिनंदन ने पाक के एफ-16 को किया धराशायी

पाकिस्तान के हवाई हमले का जवाब देने के लिए अभिनंदन ने उड़ान भरी थी। भारत ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने भारत पर हमले की कोशिश की थी,



जिसका करारा जवाब भारत ने दिया था। इसी दौरान अभिनंदन वर्थमान पीओके में मिग-21 से गिर गए थे और पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

भारत के कूटनीतिक दबाव के बाद पाकिस्तान ने दो दिन में ही अभिनंदन को सकुशल वाघा बॉर्डर पर छोड़ा था। दरअसल, मिग-21 एयरक्राफ्ट काफी पुराने हैं और उस पर सवार होने के बाद भी अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-16 को मार गिराने को लेकर अभिनंदन वर्थमान की जमकर तारीफ की गई थी और वह नेशनल हीरो के तौर पर सामने आए थे। मिग-21 विमानों को वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया था और विभिन्न किस्म के करीब 900 विमान वायुसेना में शामिल किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मिग-21 का बाकी तीन स्क्वाड्रन को 2025 तक हटाया जाएगा।

## सम्पादकीय

# जोखिम की सड़कें

महानगरों में वाहनों की बढ़ती संख्या और मनमाने तरीके से वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े हर साल कुछ बढ़े हुए दर्ज होते हैं। इसे लेकर लगातार चिंता जताई जाती रही है। सड़क हादसों पर काबू पाने के मकसद से यातायात नियमों में कड़े प्रावधान जोड़े और जुर्माने की राशि में बढ़ोतरी की गई। उसके बावजूद अपेक्षित नतीजे नहीं आ पा रहे। दूरदराज के इलाकों और छोटे शहरों-कस्बों की तो क्या कहें, दिल्ली की सड़कें भी पैदल चलने वालों तक के लिए सुरक्षित नहीं रह गई हैं। यह बात खुद दिल्ली पुलिस के आंकड़ों से जाहिर हुई है। पिछले साल दिल्ली में कुल चार हजार दो सौ तिहत्तर सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें पांच सौ चार पैदल यात्रियों की मौत हो गई। सबसे अधिक दुर्घटनाएं हल्के और दुपहिया वाहनों से हुईं। जबकि सबसे अधिक जुर्माना भी हल्के वाहनों पर ही लगाया गया। विचित्र है कि दिल्ली को दूसरे शहरों की अपेक्षा अधिक जागरूक और पढ़े-लिखे लोगों का शहर माना जाता है, मगर जब यहां भी तमाम जागरूकता अभियानों, कानूनी सख्ती के बावजूद सड़क हादसों पर काबू पाना मुश्किल बना हुआ है, तो दूसरे शहरों के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है।

सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े पुलिस के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि ज्यादातर हादसे रात के दस बजे से दो बजे की बीच होते हैं। इन हादसों में घायल होने और जान गंवा देने वालों में अधिक संख्या युवाओं की होती है। जाहिर है, देर रात को जब सड़कें कुछ खाली होती हैं, लोग यातायात नियमों की परवाह किए बगैर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते और उसी में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

दुर्घटना का शिकार होने वालों में कई नशे की हालत में भी वाहन चला रहे होते हैं। नशा करके गाड़ी चलाने पर भारी जुर्माना है और पुलिस ऐसे लोगों पर कड़ी नजर भी रखती है, फिर भी लोग इस आदत से बाज नहीं आ रहे, तो फिर दूसरे उपायों पर विचार करने की जरूरत है। हालांकि दिल्ली की सड़कों पर जोखिम वाली जगहों की निशानदेही करके कैमरे लगाए गए हैं और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर स्वत: जुर्माना लगा दिया जाता है।

फिर भी लोग सड़कों पर संयम बरतना जरूरी नहीं समझते। इसके लिए केवल पुलिस को दोष नहीं दिया जा सकता। नागरिक समाज की भी इसमें जिम्मेदारी बनती है। लोगों को अपने बच्चों, परिवार के सदस्यों को बेवजह देर रात सड़क पर निकलने और तफरीह के लिए तेज रफ्तार वाहन चलाने से रोकना पड़ेगा। सबसे चिंता की बात है कि पैदल चलते लोग भी वाहनों की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं।

हालांकि दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में पैदल चलने वालों के लिए अलग से पथ बने हुए हैं, मगर उन पर अनेक जगहों पर दुकानदारों आदि ने अतिक्रमण कर रखा है या उनकी नियमित सफाई, मरम्मत आदि न होने की वजह से वे लोगों के चलने लायक नहीं रह गए हैं। ऐसे में लोग सुबह की सैर के लिए या सामान्य तौर पर सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं। इस तरह कई लोग तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं या उनका कोई अंग भंग हो जाता है। कई बार मांग उठी कि पैदल चलने वाले रास्तों को ठीक किया जाए, मगर इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया जाता। यातायात व्यवस्था को समग्र रूप में सुधारने का प्रयास होना चाहिए।

# भारत के इथोपिया के रूप में जाना जाता है चीतों के लिए बनाया गया कुनो अभयारण्य

**एनडीटीवी के ही अनुसार, 'शिवपुरी और श्योपुर के बीच स्थित गांव ककरा में, जो तस्वीरें एनडीटीवी की टीम को देखने को मिली, वो कभी भी मीडिया में सामने नहीं आईं। मीडिया में बताया जा रहा है कि चीतों के आने से इलाके में कैसे बहुत बड़े बदलाव होंगे। यह बात सच भी है कि बदलाव हो सकते हैं लेकिन जैसा वन्यजीव विशेषज्ञ बताते हैं कि इन बदलावों को होने में करीब 20-25 साल लग जाएंगे। ये बदलाव तब आ सकते हैं जब इन जंगलों में चीतों की बड़ी आबादी हो जाएगी और पर्यटक उन्हें देखने आएंगे।' वन्यजीव अभय होकर विचरण करें, यह सभी चाहते हैं पर आदिवासी और जंगलों के बीच बसे लोग, भी स्वस्थ रहें और, वे भी अभय होकर विचरण करें, यह तो उससे भी अधिक ज़रूरी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि, इन खबरों के सार्वजनिक होने, और प्रधानमंत्री के उस इलाके का दौरा करने के बाद, चीजें बदलेंगी और लोगों के हालात में परिवर्तन आएगा।**

17 सितंबर का दिन एक उत्सव के दिन की तरह मनाया गया। उस दिन अफ्रीका के नामीबिया से चीते भारत लाये गए और उन्हें मध्य प्रदेश के कुनो अभयारण्य में रखा गया। चीते भारत से विलुप्त हो गए थे और 1952 में भारत सरकार ने चीतों को विलुप्त वन्य जीव प्रजाति घोषित कर दिया था। कल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन था। प्रधानमंत्री ने अपना जन्मदिन उसी अभयारण्य में चीतों का स्वागत करके मनाया। पर इस चीतोत्सव के चकाचौंध के बीच, जिस इलाके में यह अभयारण्य बनाया गया है, के पास के गांवों में रहने वाली आबादी, गंभीर रूप से कुपोषण की शिकार है। चीता आगमन पर, हालांकि सरकार का कहना है कि, 'चीतों के यहां आने से क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा लेकिन चीतों के शोर के पीछे एक 'काला सच' दबता हुआ दिख रहा है। जिस जंगल और अभ्यारण्य में नामीबिया से लाए गए ये चीते रहेंगे, उसके आस-पास के गांवों में घनघोर कुपोषण और गरीबी है। लोगों के पास रोजगार की कमी है। श्योपुर जिले को भारत का इथोपिया भी कहा जाता है।' यह रिपोर्ट है एनडीटीवी की, जिसने उन इलाक़ों पर, कल एक स्टोरी की थी।

चीते, भले ही हाल ही में तशरीफ़ लाये हों, और चीतोत्सव भले ही, 17 सितंबर को आयोजित किया गया हो, पर 1952 में भारत सरकार द्वारा, चीतों को विलुप्त वन्य प्रजाति घोषित करने के बाद, भारत सरकार ने प्रोजेक्ट चीता पर विचार करना शुरू कर दिया था। वन्य जीव के बारे में सबसे पहले प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी के समय, साल 1972 में, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इसके बाद एक आईएएस अधिकारी, रंजीत सिंह, ने चीतों के संदर्भ में, एक प्रोजेक्ट का विचार पेश किया। तब चीतों को, ईरान से लाने की योजना बनी। 1973 में, भारत और ईरान के बीच एक समझौता हुआ कि, चीते ईरान से आयेंगे और ईरान को भारत से शेर भेजे जाएंगे। लेकिन, ईरान में राजनीतिक उथल पुथल और बाद में, ईरान में सत्ता परिवर्तन के बाद, यह मामला टल गया। चीतों के लिए पहले अभ्यारण्य, गुजरात में बनना था, वहां का माहौल, चीतों के अनुकूल नहीं पाए जाने पर, मध्यप्रदेश में अभ्यारण्य बनाने की योजना बनी। रंजीत सिंह, रिटायर होने के बाद भी इस प्रोजेक्ट पर काम करते रहे और, 2008-09 में उन्होंने एक नया प्रस्ताव पेश किया। जिसके आधार पर, पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने एक कमेटी बनाई और रंजीत सिंह को इसका अध्यक्ष बनाया। वहां से शुरू हुआ सिलसिला 2022 तक चला क्योंकि बीच में मामला 2019 तक सुप्रीम कोर्ट में अटक गया था। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर हुई कि, अनुकूलता की दृष्टि से, अफ्रीकी चीते भारत में रह पायेंगे या नहीं, इसका अध्ययन इस प्रोजेक्ट में नहीं किया गया है। मई 2012 में, सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पालपुर के कुनो अभयारण्य में अफ्रीकी चीतों को संरक्षित करने की योजना को, इस याचिका के दायर होने के बाद, इस आशंका से रोक दिया था, क्योंकि, वे उसी अभयारण्य में बसाए जा रहे थे, जिसे, शेरों को बसाने के लिए तैयार किया जा रहा था और शेरों को फिर से एक बार उस




अभयारण्य में लाने के लिए एक समानांतर परियोजना, लंबे समय से चल रही थी। ऐसी स्थिति में एक ही अभयारण्य में, दोनो जानवरों को रखना, दोनों के ही लिए घातक हो सकता है, ऐसा वन्य जीव विशेषज्ञों का मानना था। अदालत, इस बात से भी चिंतित थी कि, जहां तक शिकार की बहुतायत का संबंध है, अफ्रीकी चीतों को उस अभयारण्य में, अनुकूल जलवायु मिलेगी या नहीं। लंबे समय तक याचिका लंबित रहने के बाद, जनवरी, 2020 में, मुख्य न्यायाधीश शरद ए बोबडे की अगुवाई वाली एक पीठ ने, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को, अफ्रीकी बिल्ली यानी चीता को भारत लाने की अपनी योजना के साथ आगे बढ़ने के लिए संकेत दे दिए। रोक हट जाने के बाद, चीता लाने की योजना बनने लगी। लेकिन बेंच ने सुनिश्चित किया कि सही सावधानियां बरती जाएं। इसने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें भारतीय वन्यजीव संस्थान के पूर्व निदेशक रंजीत सिंह, भारतीय वन्यजीव संस्थान के महानिदेशक धनंजय मोहन और डीआईजी, वन्यजीव, पर्यावरण और वन मंत्रालय शामिल थे, जो एनटीसीए का 'मार्गदर्शन' करेंगे। मुख्य न्यायाधीश बोबडे ने पीठ की ओर से बोलते हुए समिति को हर चार महीने में एक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चीतों के लिए सर्वोत्तम संभव आवास की पहचान के लिए एक उचित सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए कि वे भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल हों। समिति इन मुद्दों पर एनटीसीए की मदद, सलाह और निगरानी करेगी। जानवर को लाने की कार्रवाई एनटीसीए के विवेक पर छोड़ दी जाएगी। यह सुनवाई एनटीसीए द्वारा दायर एक आवेदन पर हुई जिसमें कहा गया था कि भारतीय चीता विलुप्त होने के कगार पर है। 2012 में नामीबियाई चीतों को लाने की योजना पर रोक लगाने के लिए, सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई कारण रखे गए थे। अदालत अपने समक्ष पेश किए गए उन, वैज्ञानिक अध्ययनों से प्रभावित थी जिसमें कहा गया था कि, एक विदेशी प्रजाति के जानवर को ला कर उनका संरक्षण करने के बारे में, तभी विचार किया जाना चाहिए जब देशी प्रजाति उपयुक्त जानवर उपलब्ध न हो। अदालत कुनो अभयारण्य के चुनाव से भी नाखुश थी।

## आज का राशिफल

### मेष
मन में स्थिरता और निर्णायकता का अभाव होने से आप तेजी से कोई निर्णय नहीं ले सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कार्य स्थगित रखने पड़ेंगे। नौकरी धंधे में विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

### वृषभ
नए काम की शुरुआत करने के लिए प्रेरित होंगे। समान विचार धारावाले व्यक्तियों के साथ बौद्धिक या तार्किक विचार बदलते रहेंगे। छोटा सा प्रवास होगा। वाणी पर संयम रखने की सलाह दी जाती है।

### मिथुन
साहित्य लेखन के लिए अनुकूल दिन है। आज आपको समस्त दुविधाओं को किनारे रखकर मन को एकाग्र और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, क्योंकि मन की अस्थिरता के कारण आप हाथ में आए हुए सुनहरे अवसर को खो देंगे।

### कर्क
तन-मन से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। घर में मित्रों, सगे-संबंधियों के आगमन से खुशी का वातावरण रहेगा। अच्छा भोजन और सुंदर वस्त्राभूषण मिलने का योग है। आज का दिन आर्थिक लाभ का दिन है।

### सिंह
आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

### कन्या
बातचीत पर ध्यान रखें अन्यथा किसी के साथ झगड़ा होने की संभावना है। तबीयत खराब होगी। धन खर्च तथा स्वाभिमान को चोट पहुंचने का योग है। गलतफहमी दूर करने से मन हल्का बनेगा।

### तुला
आपको व्यापार धंधे में लाभ होगा और आय बढ़ेगी। अच्छा भोजन मिलेगा और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की संभावना है। मित्र आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकेंगे। पुत्र से मुलाकात होगी। बुजुर्गों का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### धनु
पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात सुखद रहेगा। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

### मकर
पारिवारिक जीवन में मेल और शांति रहेगी। पैसे की वसूली या व्यापार के उद्देश्य से यात्रा करने की संभावना है। विदेश गमन होगा और वहां रहने वाले अपनों का समाचार प्राप्त कर सकेंगे। संतान का स्वास्थ्य चिंता में डालेंगे।

### कुंभ
किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकेंगे। विदेशी मित्रों या सगे-संबंधियों के समाचार मिलने से खुशी अनुभव करेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों द्वारा पर्याप्त सहयोग न मिलने की संभावना है।

### मीन
आज अपने स्वभाव और व्यवहार पर काबू रखना आवश्यक है। कोई नए काम की शुरुआत आज ना करें। स्वास्थ्य खराब होने की संभावना होने से खानपान में ध्यान रखें। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

## देश-प्रदेश समाचार

# दूसरे दिन भी बच्चों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक


एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज )** = मेड़ता सिटी नगरपालिका क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के दौरान दूसरे दिन भी जीरो से 5 वर्ष के बच्चों ने पोलियो की खुराक गटकी। इस दौरान उपखंड क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनियों में नर्सिंग स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य मेडिकल स्टाफ ने जातर घर घर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान उपखंड के मेड़ता रोड कस्बे में भी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान के दूसरे दिन भी सुबह से ही बच्चों का पोलियो की दवा पीने का सिलसिला शुरू हुआ, जो सांय काल 5: 00 बजे तक जारी रहा इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिका व यशोदाएं गली मोहल्लों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते नजर आईं। वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में रुचि दिखाई। इसके फलस्वरूप बच्चों में पोलियो की दवा पिलाने की होड़ लगी रही। इस दौरान ऊपर अधिकारी पूरण कुमार ने बताया कि एक भी बच्चा नहीं छुटे इसके लिए मंगलवार को भी घर घर जाकर वंचित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।



# डिश टीवी के चेयरमैन गोयल ने निदेशक मंडल से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** घरों को सीधे उपग्रह आधारित चैनल उपलब्ध कराने वाली डिश टीवी के चेयरमैन जवाहर लाल गोयल ने कंपनी के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया है। डिश टीवी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "जवाहर लाल गोयल ने कंपनी के निदेशक मंडल और समितियों से इस्तीफा दे दिया है। उसका इस्तीफा 19 सितंबर, 2022 से कारोबारी घंटे समाप्त होने के बाद प्रभाव में आ गया है।" इसके साथ वह अब बोर्ड के चेयरमैन नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक यस बैंक लि. और गोयल की अगुवाई में प्रवर्तक परिवार के बीच डिश टीवी के निदेशक मंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर कानूनी विवाद जारी है।




# खेजड़ी पर फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

## होटल पर काम करने वाला राजेश चल रहा था डिप्रेशन में



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील के बेरा की ढाणी में स्थित होटल पर काम करने वाले हरियाणा निवासी एक मजदूर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे निम्बी चौकी प्रभारी रामस्वरूप ने मृतक का शव उतरवाकर मोर्चरी में रखवाया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के भाई शेट्टी ने बताया कि उसका भाई रोहितास निवासी कैथल हरियाणा जो पिछले दो सालों से निम्बी जोधा के पास बेरा की ढाणी में स्थित भोलेनाथ हरियाणा होटल में राजेश के यहां काम करता था। जो पास के मैदान में खेजड़ी के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर उस पर लटक गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार व पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने पोस्ट मार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# आईस फैक्ट्री का कम्प्रेसर फटने से पिता-पुत्र घायल

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** डेगाना में डिप्टी कार्यालय के सामने स्थित आईस फैक्ट्री में गैस निकालते समय गैस लीक होने से अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री मालिक छोटू तंबोली सहित उसके बेटे पंकज तम्बोली चपेट में आ गये। गंभीर घायल पंकज तम्बोली को अजमेर रैफर किया। डिप्टी कार्यालय के रामचरण जागींड ने बताया की रविवार की रात्रि मे करीब साढे 9 बजे अचानक विस्फोट होने की आवाज सुनी। इस पर मौके पर जाकर देखा तो आईस फेक्ट्री में गैस लीक होने से दो जने झुलस गये। जिस पर उन्होंने घायलों की मदद को लेकर तुरंत 108 एम्बूलेंस को बुलाकर अस्पताल भेजा। 108 एम्बूलेंस के ईएमटी रामसुख डारा ने बताया कि घायलों में छोटूराम को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया लेकिन पंकज को ईलाज के लिए अजमेर रैफर किया गया। जानकारी के अनुसार आईस फेक्ट्री के कम्प्रेशर से गैस खाली करते समय गैस लीक हो गई ओर गैस ने आग पकड ली।

# रावणा राजपूत समाजबंधुओं की बैठक सम्पन्न




जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को परबतसर के बड़ू स्थित रावणा राजपूत समाज में समाजबंधुओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मेजर दलपत सिंह देवली हैफा हीरो के 104वें बलिदान दिवस पर जोधपुर रावण का चबूतरा में 23 को होने वाले विशाल राष्ट्रीय सम्मेलन में परबतसर तहसील से विशाल संख्या में सरकार से राजस्व रिकॉर्ड शुद्धीकरण व ओबीसी आरक्षण वर्गीकरण, राजनीतिक क्षेत्र में जनसंख्या अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान पोस्टर का विमोचन भी किया गया। साथ ही परबतसर से जोधपुर के लिए उपलब्ध करवाए गए साधनों व व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई, जिसमे राजेन्द्र सिंह पंवार, लाल सिंह निर्वाण, रघुनाथ सिंह भाटी, मोती सिंह सिसोदिया, मदन सिंह चौहान, अमरदीप सिंह गहलोत, प्रताप सिंह सहलोत, रमेश सिंह दिया, किशोर सिंह चौहान, चांद सिंह सांखला, दुर्गा सिंह चौहान, कैलाश सिंह भाटी, हिम्मत सिंह गहलोत व अन्य समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मुहिम चलाकर गौ सेवार्थ इक्ठा की राशि



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** नगर परिषद मकराना के वार्ड नम्बर 55 की पार्षद शांति देवी चौहान के नेतृत्व में गायों में फैली भयावह लंपी स्किन बीमारी से पीड़ित गायों के इलाज और उनके खाने पीने की व्यवस्था के लिए व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बना कर सर्वसमाज से ज्यादा से ज्यादा सहयोग की अपील की गई। इस दौरान भामाशाहों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया और 3 दिनों मे एक लाख की राशि इकट्ठा की। इस राशि से गायों के लिए औषधि युक्त लड्डू बना कर आस पास के क्षेत्र में गायों को खिलाया जा रहा है। साथ में चारे की व्यवस्था की जा रही है। इस मुहिम में चेलाराम, परसाराम नून, सुरेश टेपण, बंशीलाल, महिपाल उचेरिया, राजेश तोषिणा, अशोक सफेड़, बनवारी, किशन रसाल सहित अन्य भामाशाहों ने सहयोग किया। गौ सेवा में 15 युवाओं की टीम रात दिन काम कर रही है। जिसमें विक्रम चौहान, कैलाश पटवारी, राम रतन, ओमप्रकाश, रिछपाल, सेंटु, अनिल, पुखराज, नरेंद्र, रामेश्वर सहित अन्य युवा शामिल है। निर्मल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा कार्य जारी है।

# आरएलपी विधायकों ने विधानसभा में उठाया लम्बी से मर रही गायों का मुद्दा

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के तीनों विधायक विधानसभा की वेल में पहुंचकर तख्तियां दिखाते हुवे की नारेबाजी




हुक्माराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** विधानसभा में सोमवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के तीनों विधायक विधानसभा की वेल में पहुंचकर तख्तियां दिखाते हुवे जोरदार नारेबाजी करते हुवे प्रदेश सरकार से गायों को लम्पी स्किन रोग से बचाने के लिये कोई ठोस कार्ययोजना बनाने के लिये गुहार लगाई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग, खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल तथा मेड़ता विधायक श्रीमती इंदिरा देवी बावरी सबसे पहले वेल में पहुंचकर नारेबाजी करते हुवे धरना दे दिया। विधायक नारायण बेनीवाल ने पत्रकारो से बातचीत करते हुवे कहा कि प्रदेश में पिछले 2 महीने से अधिक समय से गायों में फैली लम्पी बिमारी के कारण इलाज के अभाव में हजारो की संख्या में गायो की मौत हुई, जिसको लेकर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिये लेकिन प्रदेश सरकार की तरफ से कोई प्रयास नहीं किये गये।

बीजेपी पर आरोप लगाते हुवे बेनीवाल ने कहा कि गाय के नाम पर जनता से वोट लेने वाले गायों की सेवा के समय कहा गायब हो गये, जबकि केन्द्र सरकार भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वो दम तौड़ती हुई इन गायों को बचाने में आगे आये। इसको लेकर प्रदेश के लोगो को सोचना पड़ेगा। उन्होने कहा कि रालोपा संयोजक व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने गौ माता की आवाज की आवाज को उठाने के लिये निर्देश दिये थे ताकि किसानो के लिये खेती के बाद अगर कोई आय का स्त्रोत है तो वो पशुपालन है और जब किसान का पशु ही संकट में है तो किसी को तो आगे आना ही होगा। लम्पी से पशुओं को बचाने के कार्य में प्रदेश की सरकार पूर्णत: नाकाम साबित हुई है।

# एमबीबीएस में चयनित प्रतिभाओं का किया सम्मान

फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में बाबा बदरूदीन शाह क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान गांव रूण के दो नीट अभ्यर्थियों का एमबीबीएस में चयन होने पर माला, साफा और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सैयद मोहम्मद तारीफ, सद्दाम अली, बिलाल कुरेशी ने बताया कि गांव रूण की बालिका प्रीति दाधीच ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 11033 में कुल 720 में से 625 अंक प्राप्त किए, इसी प्रकार सैयद अफजल ने ऑल इंडिया रैंक 8186 और 635 अंक प्राप्त किए ,गौरतलब है कि प्रीति दाधीच की बड़ी बहन पायल दाधीच का भी 2021 में एमबीबीएस में सिलेक्शन होने पर मेदनापुर पूर्व पश्चिम बंगाल में ट्रेनिंग कर रही है। इसी प्रकार सैयद अफजल के भाई मोहम्मद अली का भी 2 वर्ष पहले नर्सिंग



ऑफिसर में सलेक्शन होकर इन दिनों एम्स हॉस्पिटल बठिंडा पंजाब में सेवाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि इन दोनों के पिता जुगलकिशोर दाधीच वरिष्ठ अध्यापक और सैयद इकबाल अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

क्रिकेट कमेटी के रामअवतार भाकर, अरुण सेवक, तारूदीन और फिरोज गांधी ने बताया कि यह हमारी ग्राम पंचायत के लिए गर्व की बात है की इस बार 2 अभ्यर्थियों का एमबीबीएस में सलेक्शन होने से गांव का नाम भी रोशन हुआ है। इस मौके पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और भामाशाह क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

# भूपेन्द्र सिंह बने मींडा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मींडा के ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव में अध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र सिंह विजयी रहे। निवार्चन अधिकारी किशन लाल रैगर ने बताया कि सहकारी समिति में अध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार, भंवर लाल बिजारणियां, भूपेंद्र सिंह व मदन लाल फूलफकर ने दावेदारी की। कुल 12 वार्डो के सदस्यों ने मतदान किया, जिसमें भूपेंद्र सिंह ने 7 मत लेकर विजयी प्राप्त की।

भंवर लाल को 2 मत मिले, दीपक व मदन लाल को एक-एक मत मिला। एक वोट नोटा में गया। उपाध्यक्ष पद पर पन्नालाल सियाक निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। वार्ड से 12 निर्वाचित सदस्यों में प्रेम प्रकाश नायक, रामेश्वर लाल, भूपेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, भंवर लाल बिजारणिया, गोविंद राम मीणा, सुमन कंवर, खेमाराम गीला, मदनलाल फुलफकर, पन्नाराम सियाग, कमलेश कंवर, कानाराम कुमावत ने मतदान किया।

निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। जीत के बाद निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का माल्यार्पण कर व साफा बंधवाकर स्वागत किया व कस्बे में विजय जुलूस निकाला गया।

# ई-मित्र व आधार केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान अवैध सीलें व संदिग्ध सामग्री जब्त

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, नागौर के निर्देशानुसार गठित निरीक्षण दल द्वारा ब्लॉक लाडनूं के आधार एवं ई-मित्र केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया जिनमे भारी अनियमितताएं पाई गई। टीम द्वारा लाडनूं ब्लॉक में संचालित दीपश्री ई-मित्र, दीपक दाधीच, राजविरेन्द्र प्रजापत, रोहित राज सोनी, लक्ष्मीनारायण प्रजापत के ई-मित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें नगरपालिका के पास स्थित खूबचन्द सिंधी द्वारा संचालित दीपश्री ई-मित्र पर कई प्रकार की वित्तीय एवं अन्य प्रकार की गम्भीर अनियमितताऐं पाई गई। ई-मित्र पर विभिन्न सरकारी अधिकारियों एंव जन प्रतिनिधियों की फर्जी मोहरे मौके पर प्राप्त की गई। साथ ही खाली शपथ पत्रों पर नोटेरी पब्लिक एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की मोहरें लगी हुई मिली जिनसे फर्जी कार्य होने का



अंदेशा देखते हुए टीम द्वारा सामग्री को जब्त कर लिया गया। ई-मित्र संचालक द्वारा आमजन से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिया जाना भी स्वीकार किया गया है। दीपश्री ई-मित्र संचालक खूबचन्द सिंधी द्वारा मोहरे बनाने का कार्य भी किया जाता है परन्तु अधिकृत रूप से मोहर निर्माता होने के सम्बन्ध में उनके पास से कोई तथ्य प्रमाण उलब्ध नहीं करवाया गया। जिला स्तरीय टीम द्वारा लाडनूं क्षेत्र में आधार केन्द्र संचालक दीपक दाधीच, राज विरेन्द्र प्रजापत व हरिओम मेहरिया द्वारा संचालित आधार केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया। बाकलिया ग्राम पंचायत में संचालित हरिओम मेहरिया आधार नामांकन केन्द्र पर रेट लिस्ट नहीं पाई गई।

निरीक्षण दल के चेनाराम मेहला व राजेश भदाला की गठित टीम द्वारा मौके पर उपस्थित आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की और योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय शुल्क के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान ई-मित्र केंद्र पर पाई गई अनियमिताओं के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय भेज कर दोषी ई-मित्र केन्द्रों व आधार नामांकन केंद्र के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लाने की अनुशंषा की गई है।

# संत मदन मोहन के अमृत वचनों से लाभान्वित हुए विद्यार्थी

## सिद्धार्थ आदर्श विद्या मंदिर में आयोजन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** सिद्धार्थ आदर्श विद्या मंदिर मारवाड़ मूंडवा में संत मदन मोहन ने विद्यार्थियों को अपने अमृत वचनों से लाभान्वित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नहीं होता है, कठिन होता है लक्ष्य निर्धारण करना। लक्ष्य निर्धारण के बाद सफलता शत प्रतिशत निश्चित है। उक्त उद्गार सोमवार को सिद्धार्थ आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रखर राष्ट्रवादी प्रवक्ता मदन मोहन महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा की सरलता, सहजता और सजगता बच्चों को यह तीन सूत्र जीवन में अपनाने चाहिए ताकि विद्याध्ययन में उन्हें समस्या



नहीं रहे और आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को यदि लगे के उन्हें गुरु ढंग से समझा नहीं पा रहे है तो यह गलती विद्यार्थी की है, विद्यार्थी को ही खोज करना है कि वह गुरु को कैसे समझें। बाकी एक श्रेष्ठ गुरु वही है जो अपना सब कुछ अपने शिष्य को प्रदान कर खुद से बड़ा बनाने की सोच रखता है। स्कूल सभा में महाराज के आगमन पर शाला परिवार के संरक्षक पुरषोत्तम व सीता देवी एव निदेशक संजय रामावत, सुनील कुमार, प्रधानाचार्य परमेश्वर शर्मा स्वागत किया। पवन व सर्वोदय नेता देवेश स्वामी ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के रवींद्र कुमार, रोशन, राकेश, माधव, प्रेमसुख, सुरेन्द्र, किशोर, रणवीर, राजेंद्र, सुभाष, रामकुंवार, पांचाराम, विमला, सरिता, सुमन, अजय, दिलीप मौजूद रहे।

# बॉलीबॉल विजेता टीम श्यामगढ़ का मानपुरा में हुआ भव्य स्वागत



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत श्यामगढ़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बॉलीबॉल टीम हाल ही में सम्पन्न हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर बॉलीबॉल खेल में विजय होकर जिला स्तर के लिए क्वालीफाई होकर लौटी है। इस पर सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवानपुरा में खिलाड़ियों का माला और साफा बंधा कर स्वागत किया गया। संस्था प्रधान फूलचंद जाट ने बताया कि विद्यालय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर विजय हासिल की और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। टीम कप्तान हरदयाल धायल ने टीम की जीत का श्रेय आलराऊंडर सुरजीत और पूरी टीम को दिया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, बालिका विद्यालय श्यामगढ़, लक्ष्मण राम मावलिया, शंकर लाल सैनी, पूर्व व्याख्याता नानू राम मावलीया सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम सेवा सहकारी के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष व सदस्य हुए मनोनीत



## छोटी से पंचायत ने पेश की एकता की मिशाल

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड आकेली बी में डेगाना विधानसभा क्षेत्र में एक मिसाल पेश की। अकेली बी में 12 में से 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद पर कंचन कंवर शेखावत निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुई।

इसी प्रकार वार्ड नंबर एक से महेन्द्र सिंह, वार्ड नंबर दो से सम्पत सिंह, ज्ञात रहे कि वार्ड नंबर तीन मे ही चुनाव से भवराराम खोखर निर्वाचित हुए है।

इसी प्रकार वार्ड नंबर चार से शंकर राम मेघवाल, वार्ड नंबर पांच से किशोर राम, वार्ड नंबर छ्से अध्यक्ष कंचन कंवर, वार्ड नंबर सात से रूप सिंह, वार्ड नंबर आठ से किरण कवंर, वार्ड नंबर नो से भोम सिंह, वार्ड नंबर दस से भंवराराम, वार्ड नंबर ग्यारह से सीताराम बाज्या, वार्ड नंबर बारह से पुरण सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी जाति के लोग एक जाजम पर बैठकर एकता की मिसाल पेश की। भाजपा नेता दिलीप सिंह बछवारी ने सर्व समाज को एक जाजम पर लाने का काम किया। एकता, सांप्रदायिक सद्भावना स्थापित कर एक विशुद्ध राजनीतिक रूप डेगाना विधानसभा क्षेत्र में पेश की। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामप्रकाश, मंडल सदस्य राधेश्याम सोनी, व्यवस्थापक भंवराराम,शिंभूराम ,रतनाराम, कैलाश सिंह ,मदन सिंह , घनश्याम सिंह, महेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, रूप सिंह, संपत सिंह, कालू सिंह, नारायण सिंह, पुरण सिंह, रघुवीर सिंह,पुनाराम व बछवारी, आकेली बी, दुधडास, पूनास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 19वां एक रोजा अजीमुश्शान सौदा-ए-कर्बला कार्यक्रम आज

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना की जामा मस्जिद अजीमुश्शान करबला कार्यक्रम मंगलवार को शाम ईशा की नमाज के बाद आयोजित किया जाएगा। जामा मस्जिद इमाम शाहदत खान



बरकाती ने बताया कि डेगाना की जामा मस्जिद के 100 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता आ रहा है, पिछले 2 साल में कोरोना के कारण कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए, इसलिए मस्जिद के सौ साल पूरे होने पर शानदार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुफ्ती मोहम्मद अशफाक साहब, बुलबुले बाग ए मदीना, हजरत कारी मोहम्मद जावेद रजा, तौफीक रजा पाली, मरकज ए इस्लाम बरकाती अशफाक मेवात हरियाणा, हजरत कारी मोहम्मद जावेद रजा बासनी सहित आसपास के इमाम मौलाना कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# हनुमानराम अध्यक्ष व सुरजन सिंह बने उपाध्यक्ष

## ग्राम सेवा सहकारी मंडल के चुनाव हुए सम्पन्न



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को निकटवर्ती ग्राम भकरी में ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालक मण्डल के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में हनुमान राम माली को अध्यक्ष एवं सुरजन सिंह को सर्व सम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच अख्तर हुसैन, शिंभूसिंह जैतमाल, हनुमान सिंह नरमा, महावीर बंजारा, शेख नाथू खाँ, महेंद्र सिंह किशनपुरा, जगदीश कलाकार, रणजीत सिंह, सुगनाराम माली, जुगल किशोर, कुंदनमल माली, चंद्रप्रकाश मणियार, सुमेर सिंह, गोपाल सिंह पुरोहित, नरसीराम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# हरियाणा के गैंगस्टर संदीप विश्नोई को नागौर कोर्ट परिसर में गोलियों से भूना

## नागौर के रघुवीर हत्याकांड के मामले में हुई थी गैंगस्टर संदीप की गिरफ्तारी

## गैंगस्टर संदीप सेठी के दो अन्य साथी भी हुए घायल

- सीसीटीवी में कैद हुई घटना
- सिर व सीने पर मारी गोलियां
- 9 से ज्यादा राउंड गोलियां चलाई गईं

सद्दाम रंगरेज, संपादक

नागौर( नागौर डेली न्यूज ) : सोमवार को नागौर कोर्ट परिसर में दिन दहाड़े गैंगवार छिड़ गई। इस गैंगवार में हरियाणा के गैंगस्टर संदीप विश्नोई को गोलियों से भून दिया गया। पुलिस कुछ कर पाती उससे पहले ही हमलावर वहां से भाग छूटे।

हालांकि किसी अनहोनी के डर से घटना के समय गैंगस्टर संदीप विश्नोई के साथी भी उसके साथ थे, लेकिन वे भी कुछ नहीं कर पाए। विश्नोई के दो साथी भी इस घटना में घायल हुए हैं। पूरा मामला वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी कैद हो गया, जिसमें साफ दिख रहा है कि कैसे कुछ लोग भागकर आते हैं व उनमें से एक हमलावर बिल्कुल पास जाकर संदीप विश्नोई को गोली मारता है।


दरअसल हरियाणा का सुपारी किलर संदीप सेठी उर्फ संदीप बिश्नोई सोमवार को कोर्ट में साथियों के साथ पेशी पर आया था। वह दोपहर को करीब एक बजे कोर्ट से बाहर निकला तभी उस पर ताबड़तोड़ फायर शुरू कर दिए। उसके सिर और सीने पर गोलियां मारी गईं। वह मौके पर ही ढेर हो गया। उसके दो अन्य साथी बीच बचाव में आए, जिन पर भी हमलावरों ने गोली से फायर किए। सेठी के दो अन्य साथी भी घायल हो गए।

### खुद के साथी ही हॉस्पिटल लेकर दौड़े

गोली लगने के बाद गैंगस्टर सेठी के साथी उसे अपनी गाड़ी में डालकर हॉस्पिटल की तरफ दौड़े। पुलिस इन सब से अंजान  थी। पुलिस को समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। सेठी के साथी पहले निजी और बाद में नागौर के जिला चिकित्सालय में लेकर गए। जेएलएन जिला चिकित्सालय में सेठी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बाइक लेकर खड़े अपने दो साथियों के साथ बैठकर फरार हुए हमलावर

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी स्टेशन तिराहा पर पहले से बाइक लेकर खड़े अपने दो साथियों के साथ बैठकर भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो ये आरोपी स्पष्ट दौड़ते हुए और फिर बाइक के पीछे बैठकर पुराने अस्पताल की तरफ भागते दिखाई दे रहे हैं। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के हुलियों से आरोपियों की पहचान में जुट गई है।



- हिसार के अलावा दिल्ली में कई बड़ी वारदातों को दिया अंजाम
- गैंगस्टर संदीप पर जोधपुर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, नागौर में काफी मामले दर्ज
- राजस्थान में अपना सिक्का जमाना चाह रहा था संदीप



### हरियाणा का कुख्यात गैंगस्टर व सुपारी किलर था संदीप विश्नोई

संदीप हरियाणा का कुख्यात गैंगस्टर और सुपारी किलर था। वह सेठी गिरोह से जुड़ा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शराब तस्करी के साथ वह सुपारी किलिंग भी करता था। संदीप सेठी सुपारी लेकर बड़ी आपराधिक वारदातों को अंजाम देता था। नागौर के रघुवीर हत्याकांड के मामले में उसकी गिरफ्तारी हुई थी। तस्कर राजू फौजी और गैंगस्टर संदीप बिश्नोई दोस्त थे। सूत्र बताते हैं कि संदीप सुपारी किलर के साथ हथियार सप्लायर भी था। कुख्यात तस्कर राजू फौजी को शेट्टी ने हथियार सप्लाई किए थे।

### इस मामले में नागौर जेल में बंद था संदीप

तीन साल पहले नागौर में 29 नवंबर 2019 को हुए हत्याकांड में पहली बार संदीप विश्नोई का नाम सामने आया था। पूछताछ में पता चला था कि एक महिला ने पति की हत्या का बदला लेने के लिए मर्डर की साजिश रची थी। हत्या के लिए महिला ने संदीप विश्नोई को 30 लाख की सुपारी दी थी। इसी मामले में गैंगस्टर संदीप नागौर जेल में बंद था।



### अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है नागौर : हनुमान बेनीवाल

नागौर कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े हुए मर्डर के बाद सांसद हनुमान बेनीवाल ने पुलिस प्रशासन को फ्लॉप बताया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि नागौर दिनों दिन अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। कांग्रेस शासन में पूरे प्रदेश में अपराध अपने चरम पर है। बेनीवाल ने अपने बयान में कहा कि कोर्ट परिसर के बाहर दिनदहाड़े मर्डर होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कलेक्टर व एसपी के बंगले से चंद कदमों की दूरी पर गोलियां चलाकर मर्डर करना चिंता का विषय है। नागौर में पुलिस व प्रशासन की जिम्मेदार तय की जानी चाए। प्रदेश की कानून व्यवस्था वेटिंलेटर पर है। यह घटना राजस्थान में जंगलराज का प्रमाण है। उन्होंने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। बेनीवाल ने कलेक्टर को भी लपेटे में लिया और कहा कि बजरी माफियाओं को प्रशासनिक सरंक्षण दिया जा रहा है इसलिए सरकार को नागौर के प्रशसनिक अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### जेल में बंद रहते हुए भी गैंग ऑपरेट करता था संदीप

संदीप नागौर जेल में बंद रहते हुए ही अपनी गैंग को ऑपरेट करता था। जेल में रहते हुए भी उसने हिसार और राजस्थान में कई वारदातें कराई। बताया जा रहा है कि संदीप की दो दिन पहले ही जमानत हुई थी। सोमवार को वह नागौर कोर्ट में गवाही देने आया था। जहां उसे दूसरे शूटर्स ने गोलियों से भून दिया। संदीप उर्फ सेठी पर 9 से ज्यादा राउंड गोलियां चलाई गईं। गोली मारने वाले शूटर्स हरियाणा के बताए जा रहे हैं। ऐसे में अब राजस्थान पुलिस की टीमें हरियाणा में उसके विरोधी गैंग से जुड़े बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

### 2009 में रखा अपराध की दुनियां में कदम

हिसार के मंगाली निवासी संदीप बिश्नोई उर्फ सेठी ने 2009 में अपराध की दुनिया में कदम रखा। संदीप ने शुरूआत में छोटी-छोटी वारदातें की, लेकिन जल्द ही वह किशोरी गैंग से जुड़ गया। उसके बाद संदीप ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और उसने हिसार के अलावा दिल्ली में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया। लूट, हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, नशा तस्करी के धंधे में धीरे-धीरे संदीप का नाम उछलता चला गया। इसके बाद उसने राजस्थान में अपना सिक्का जमाना चाहा था। राजस्थान में संदीप पर जोधपुर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, नागौर में काफी मामले दर्ज है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com